उत्तरांचल विधान सभा

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची
## गुरूवार 13 बैशाख, शक संवत्, 1923

(दिनांक : 3 मई, 2001)
समय : 11: 00 बजे पूर्वाहन्

1— अल्प सूचित प्रश्न (देखिये नत्थी (क) )

2— अन्य प्रश्न (देखिये नत्थी (ख) )

3— सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों ।

4— कार्य स्थगन का प्रस्ताव यदि कोई हो ।

5— वित्तीय वर्ष 2001—2002 के आय—व्ययक का प्रस्तुतीकरण (12:20 बजे मध्याह्न)।

6— वित्तीय वर्ष 2001—2002 के एक भाग के लिए लेखानुदान का प्रस्तुतीकरण।

7— वित्त मंत्री प्रस्ताव करेगें कि उत्तरांचल विनियोग (लेखानुदान) विधेयक, 2001 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा दी जाये।

8— वित्त मंत्री उत्तरांचल विनियोग (लेखानुदान) विधेयक, 2001 को पुरःस्थापित करेंगे।

9— वित्त मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तरांचल विनियोग(लेखानुदान) विधेयक, 2001 पर विचार किया जाये।

.........2/—

10– वित्त मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तरांचल विनियोग ( लेखानुदान) विधेयक, 2001 पारित किया जाये।

11– वित्त मंत्री उत्तर प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 39 के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश के राज्यपाल द्वारा प्राधिकृत धनराशि रू0 2192 0800000 (रू0 इक्कीस अरब बयानवे करोड आठ लाख मात्र) विधान सभा में मंजूरी हेतु प्रस्तुत करेंगे।

12– बद्री केदार की यात्रा पर जा रही बस के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के फलस्वरूप दिवंगत यात्रियों के प्रति शोक प्रस्ताव।

13– उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य रह चुके उत्तरांचल निवासी श्री गोविन्द सिंह बिष्ट तथा श्री पूरन चन्द्र आर्य के प्रति शोक प्रस्ताव।

14– नियम–51 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

देहरादून।

दिनांक : 3 मई 2001

आज्ञा से,

( महेश चन्द्र )
सचिव

उत्तरांचल विधान सभा

द्वितीय सत्र 2001, का
पहला गुरू

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची
## गुरूवार 13 बैशाख, शक संवत्, 1923

(दिनांक : 3 मई, 2001)
समय : 11: 00 बजे पूर्वाहन्

## नत्थी ( क )

अल्पसूचित तारांकित प्रश्न

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री अम्बरीष कुमार<br>18–4–2001 | 1– | क्या विघुत मंत्री जी बताने की कृपा करेगें कि उत्तरांचल प्रदेश में कुल कितनी विघुत परियोजनाएं अधूरी हैं ? इनमें कितनी परियोजनाओं को पूर्ण करने हेतु अनुबन्ध उ0प्र0 सरकार द्वारा पूर्व में किये जा चुके हैं? क्या उत्तरांचल सरकार इन अनुबन्धों की पुनर्समीक्षा कर रद्द कर निजी क्षेत्र के स्थान पर स्वयं अथवा टिहरी हाइड्रो इलैक्ट्रिक कार्पोरेशन के माध्यम से कार्य कराने पर विचार करेगी ? यदि नहीं तो क्यों? | उर्जा |
| श्रीमती इन्दिरा हृदयेश<br>18–4–2001 | 2– | क्या श्रम मन्त्री को जानकारी है कि आई0 टी0 आई0 की प्रवेश परीक्षाएं अभी उत्तर प्रदेश के माध्यम से ही हो रही है? क्या मन्त्री जी को यह भी जानकारी है कि लगभग 20 हजार परीक्षार्थियों के प्रवेश फार्म का शुल्क 100/–रू0 प्रति परीक्षार्थी की दर से उत्तर प्रदेश में ही जमा हो रहा है? यदि हॉ , तो उत्तरांचल सरकार इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही कर रही है ? | श्रम |

द्वितीय सत्र 2001 का पहला गुरूवार

नत्थी [ख]

-:तारांकित प्रश्न:-

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती इन्दिरा हृदयेश<br>2-2-2001 | 1- क्या स्वास्थ्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि उत्तरांचल प्रदेश के कितने जनपदों के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वीकृत पदों के अनुसार डाक्टर व नर्से उपलब्ध नही हैं? रिक्त पदों को भरने हेतु शासन द्वारा क्या प्रयास किए जा रहे हैं? | स्वास्थ्य |
| श्री राम सिंह सैनी<br>1-3-2001 | 2- क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में प्राकृतिक आपदा व भूकम्प से निपटने के लिए कोई योजना शासन के विचाराधीन है? यदि हां,तो वह योजना क्या है? और उस पर कब तक कार्य प्रारम्भ होगा? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री अम्बरीष कुमार<br>26-3-2001 | राज्य सरकार से असम्बद्ध होने के कारण निरस्त | |

-: अतारांकित प्रशन :-

| | | |
|---|---|---|
| श्री बिशन सिंह चुफाल<br>24-2-2001 | 1- क्या स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में वर्ष 1989 से प्रशिक्षण प्राप्त हैल्थ वर्करों (महिला) को अभी तक नियुक्तियां नहीं दी गयी हैं ? यदि हां , तो क्या उनकी नियुक्तियों पर शासन स्तर पर विचार किया जा रहा है ? यदि हां , तो कब तक नियुक्तियां प्रदान कर दी जाएंगी? यदि नहीं, तो क्यों ? | स्वास्थ्य |
| श्री लाखी राम जोशी<br>26-2-2001 | 2- क्या पंचायती राज मंत्री को जानकारी है कि जिला टिहरी गढ़वाल के अन्तर्गत ऋषिकेश-बद्रीनाथ राष्टीय राजमार्ग पर स्थान तपोवन में बैरियर डालकर जिला पंचायत द्वारा पडाव शुल्क (चुंगी) वसूली की जा रही है ? यदि हां, तो राष्ट्रीय राजमार्गों पर जिला पंचायत द्वारा पड़ाव शुल्क की वसूली पर लगाई गई पाबन्दी को जिला प्रशासन द्वारा क्यों नहीं लागू किया गया है? क्या सरकार दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए उक्त बैरियर हटायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज |
| श्री राम सिंह सैनी<br>16-3-2001 | 3- क्या स्वास्थ्य मंत्री को जानकारी है कि स्व0 जगदीश नारायण सिन्हा राजकीय चिकित्सालय में आपात चिकित्सा की कोई व्यवस्था नहीं है और अधिकांश मषीनें पुरानी एवं खराब हैं ? यदि हां, तो शासन इस चिकित्सालय को जनहित में नई मशीनो से सुसज्जित करेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा |
| श्री राजेन्द्र सिंह<br>17-3-2001 | 4- क्या पंचायती राज मंत्री कृप्या बतायेंगे कि विभिन्न विभागों से पंचायत राज विभाग से सम्बद्ध कर्मचारी जो कि बहुद्देषीय कर्मी के रूप में कार्य रहे हैं का वेतन भुगतान किस मद में व किस विभाग से किया जा रहा है ? क्या ऐसे सम्बद्ध कर्मचारियों/बहुद्देशीय कर्मियों को वेतन भुगतान पंचायत राज विभाग से कराया जायेगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पंचायती राज |

| | | |
|---|---|---|
| श्री रघुनाथ सिंह चौहान<br>27-3-2001 | 5- क्या पंचायती राज मंत्री बतायेंगे कि जिला पंचायत अल्मोड़ा के अध्यक्ष जनपद के किसी जिला पंचायत क्षेत्र के सदस्य है? यदि नहीं है तो किन नियमों के तहत वे जिला पंचायत अल्मोड़ा के अध्यक्ष है? | पंचायती राज |
| श्री रघुनाथ सिंह चौहान<br>27-3-2001 | 6- क्या पंचायत राज मंत्री को जानकारी है कि जनपद अल्मोड़ा के जिला पंचायत द्वारा सुनिश्चित रोजगार योजना के धन से शहरी क्षेत्रों में भवन निर्माण कार्य बिना शासन के पूर्वानुमति किये गये है? यदि हां, तो क्या सरकार सुनिश्चित रोजगार के अन्तर्गत किए गये शहरी क्षेत्र में भवन निर्माण कार्यों में किये धन के दुरुपयोग की वसूली संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों से करेगी? यदि हां,तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | |
| श्री ईसम सिंह -<br>22-3-2001 | 7- क्या स्वास्थ्यमंत्री के संज्ञान में है कि जिला नैनीताल के अन्तर्गत विकास खण्ड भीमताल के ग्रम बजून में आज से बीस वर्ष पहले छः बिस्तरों वाला राजकीय एलोपैथिक चिकित्सालय किराये के भवन में चल रहा है जबकि अस्पताल की स्थापना के समय से ही समीपवती ग्राम "सारी" ( खुर्पाताल )में अस्पताल के लिए भूमि उपलब्ध है? यदि हॉ तो आज तक चिकित्सालय भवन बनवाने की कोई कार्यवाही न किये जाने के क्या कारण है? क्या यह भी सही है कि विगत कई वर्षो से मकान मालिक को किराये का भुगतान भी नही किया जा रहा है? यदि हॉ , तो क्यों? मकान मालिक को किराये की राशि का भुगतान और चिकित्सालय भवन का निर्माण कब तक पूर्ण करा दिया जाएगा? | चिकित्सा |
| श्री रघुनाथ सिंह चौहान<br>27-3-2001 | 8- क्या स्वास्थ्य मंत्री को जानकारी है कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी नैनीताल द्वारा वर्ष 1997-98 में दवा आदि खरीदने के लिए स्वीकृत बजट से अधिक धनराशि आहरित की गई थी? यदि हॉ तो क्या सरकार इसं वित्तीय अनियमितता के लिए दोषी अधिकारी के विरूद्ध कोई कार्यवाही कर रही है? यदि हॉ, तो कब तक यदि नहीं तो क्यों ? | चिकित्सा |
| श्री अम्बरीष कुमार<br>08-04-2001 | 9- क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने की कृपा करेगें कि उत्तरांचल प्रदेश के गठन से 31-3-2001 तक कुल कितने ग्रामों का पेयजल की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है? कितने ग्राम अभी अभी ऐसे है जिन्हें पेयजेल की सुविधा उपलब्ध नहीं है? | पहले सोम के अता0 -47 में स्था0 |
| श्री अम्बरीष कुमार<br>08-04-2001 | 10- क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने की कृपा करेगें कि वर्ष 2000-2001 में सभी विधायकों के क्षेत्रों में उनकी संस्तुति के आधार पर 50-50 हैण्ड पम्प्स का अधिष्ठापन कर दिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | पहले सोम के अता0-48 में स्था0 |